आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. स्टार्टअप इंडिया के दस गौरवशाली वर्ष पूरे करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने पांच सौ से दो लाख स्टार्टअप तक का सफर तय कर लिया है।

2. ग्रेट निकोबार में ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हेतु कैम्पबेल बे तहसील के गांवों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हुई।

3. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण द्वारा पराक्रम दिवस पर राजधानी श्री विजयपुरम में तेईस जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

4. रंगत में पुलिस स्थापना सप्ताह पर एस डी पी ओ कप खेल प्रतियोगिता में पुरूष और महिला वर्ग में बेटापुर टीम ने विजय पताका फहराई।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्टार्टअप इंडिया केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक "इंद्रधनुषी दृष्टि" है, जो विभिन्न क्षेत्रों को नए अवसरों से जोड़ती है। वे नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के दस वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते एक दशक में स्टार्टअप इंडिया मिशन एक आंदोलन का रूप ले चुका है और इसने देश में नवाचार व उद्यमिता की नई संस्कृति को जन्म दिया है। उन्होंने बताया कि भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिक तंत्र बन चुका है।

उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज देश के युवा वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हैं। श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, जबकि आज इनकी संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है। इसी प्रकार, यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या चार से बढ़कर 125 से अधिक हो गई है। जिसने वैश्विक स्तर पर भारत की

पहचान मजबूत की है। प्रधानमंत्री ने महिला उद्यमियों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए बताया कि 45 प्रतिशत से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स में महिला नेतृत्व मौजूद है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह प्रशासन द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जारी नोटिस के अनुसार, निकोबार जिले की कैम्पबेल बे तहसील के अंतर्गत गांधी नगर एवं शास्त्री नगर गांवों में भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रक्रिया 'अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नियम, 2018' के प्रावधानों के अंतर्गत की जा रही है।

<><><><><><><>

भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के अवसर पर तेईस से पच्चीस जनवरी को राजधानी श्री विजयपुरम में पराक्रम दिवस 2026 का आयोजन करेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी को नेताजी स्टेडियम में नेताजी के जीवन की उपलब्धियों की भव्य प्रस्तुति के साथ–साथ उनसे संबंधित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा, जो आम जनता के लिए खुली रहेंगी। आई टी एफ मैदान में 23 से 25 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विविध विषयक प्रदर्शनियों, हस्तशिल्प स्टॉलों एवं खाद्य स्टॉलों का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

संघ शासित प्रदेश स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वितीय चरण के सहयोग से एक विशेष लघु प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वास्थ्य सेवा निदेशालय तथा अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। यह लघु प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य शिविर कल सुबह दस बजे से कॉलिनपुर पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टुश्नाबाद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए आयोजित किया जा रहा है। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, कान–नाक–गला रोग विशेषज्ञ तथा दंत शल्य चिकित्सक उपस्थित रहेंगे और आम नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच एवं परामर्श देंगे।

<><><><><><><>

शोल बे तथा आसपास के गांवों के आम नागरिकों के लिए अठारह जनवरी, को एक निःशुल्क बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर सेवा भारती द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक संगठन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन शोल बे में सुबह साढ़े नौ बजे से किया जाएगा। शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहिंदर लाल तथा चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. ओंकार सिंह सहित अन्य अनुभवी चिकित्सा पेशेवर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले की रंगत तहसील में पुलिस स्थापना सप्ताह के अवसर पर "एस डी पी ओ कप दो हजार छब्बीस" के अंतर्गत ओपन वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बारह से चौदह जनवरी, तक निंबूतला स्थित रमन बग़ीचा में किया गया। इसमें पुरुष वर्ग की दस तथा महिला वर्ग की तीन टीमों ने भाग लिया। कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद बेटापुर टीम ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में विजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रंगत के सहायक आयुक्त विकास कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा एस डी पी ओ कप बैडमिंटन प्रतियोगिता तेरह से पंद्रह जनवरी, तक आयोजित की गई। पंद्रह जनवरी को हुए फाइनल मुकाबलों में रंगत के उप पुलिस अधीक्षक चंदन जी. एस. मुख्य अतिथि रहे, जबकि सहायक वन संरक्षक आर. बरखा विशिष्ट अतिथि तथा खेल विभाग के सहायक निदेशक रंजीत विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

<><><><><><><>

बाराटांग में पुलिस स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में तेरह जनवरी, को पुलिस थाना द्वारा बालुडेरा में समुद्र तटीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। कड़े संघर्ष के बाद कृष्णा नगर ब्रदर्स की टीम ने विजेता बनी जबकि ओरलकच्छा बॉयज–ए टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को नए न्याय कानूनों के विषय में जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के विद्युत विभाग, मुख्यालय प्रभाग द्वारा कल श्री विजयपुरम के गराचरमा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टीआर आवास, एमआर आवास, गराचरमा बस्ती, काली मंदिर, टीटीआई रोड, पंप हाउस मुर्धा खाड़ी, आईएमएफसी सहित संपूर्ण गराचरमा क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

<><><><><><><>